https://universitynews.in/

Total No. of Pages: 04 **[Total No. of Questions: 12]**

1566

B.Com./B.Sc. (Part-I) Examination, 2023
(Common for Science and Commerce)
(Compulsory Paper)
GENERAL HINDI
(सामान्य हिन्दी)

Duration of Examination: 3 Hours *Max. Marks: 100*
परीक्षा की अवधि: 3 घण्टा *पूर्णांक: 100*

Instructions to the Candidates:
परीक्षार्थी के लिए निर्देश:-

Compulsory are All Question Attempt.
सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

प्र.1. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिये।

(क) हमारे यहाँ प्रकृति से बहुत व्यापक अर्थ लिया गया है। संसार की कोई ऐसी चीज नहीं है जो प्रकृति से अलग हो। तो हमारा घर और परिवार वह भी एक पर्यावरण है। पर्यावरण की हमारी शास्त्रीय परम्परा भी रही है कि प्रत्येक मनुष्य पर्यावरण में ही पैदा होता है, पर्यावरण में ही वह जीता है और पर्यावरण में ही वह लीन हो जाता है। पर्यावरण की इतनी व्यापक परिभाषा है। 10

अथवा

प्रवाह नदी का प्रयोजन है। नदी अगर बहेगी नहीं, तो वह नदी ही नहीं रहेगी। अपने अस्तित्व के लिए उसे बहना ही चाहिए। बहना उसकी अनिवार्यता है। लेकिन प्रपात, उसका ऐश्वर्य है, उसका अतिरिक्त प्रदान है। प्रकाश और गर्मी सूर्य का प्रयोजन है , लेकिन इन्द्रधनुष के सात रंग उसका अतिरिक्त प्रदान है। वर्षा बादलों का प्रयोजन है, लेकिन गर्जन-तर्जन उनका अतिरिक्त प्रदान है। यह अतिरिक्त प्रदान ही किसी चीज को सौन्दर्य प्रदान करता है। यहाँ प्रयोजन समाप्त होता है, वहाँ सौन्दर्य शुरू होता है। सौन्दर्य का दरजा प्रयोजन की उपयोगिता के बराबर तो नहीं हो सकता, परन्तु बहुत नीचे भी नहीं है। जब किसी चीज में ये दोनों आ मिलते हैं, तो वह चीज एक सम्पूर्णता पा जाती है।

(ख) भ्रमण ही करते सबने उन्हें।
सकल-काल लखा स-प्रसन्नता।
रजनि भी उनकी कटती रही।
स-विधि-रक्षण में ब्रज लोक के।
लख अपार प्रसार गिरीन्द्र में।
ब्रज-धराशिप के प्रिय-पुत्र का।
सकल लोग लगे कहने उसे।
रख लिया उँगली पर श्याम ने। 10

अथवा

धर्माडंबर के खंडर पर
कर पद-प्रहार, कर धराध्वस्त,

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

मानवता का पावन मंदिर
निर्माण कर रहे सृजन व्यस्त।
बढ़ते ही जाते दिग्विजयी,
गढ़ते तुम अपना रामराज,
आत्माहुति के मणिमाणिक से,
मढ़ते जननी का स्वर्ण ताज।

2. 'लछमा' संस्मरण के आधार पर लछमा की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

'आवाज का नीलाम' एकांकी का सार लिखते हुए इसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

3. 'गंगावतरण' कविता में वर्णित गंगा की विशेषताओं को विस्तारपूर्वक समझाइए। 15

अथवा

'समर शेष है' कविता का भाव स्पष्ट करते हुए बताइए कि इसके माध्यम से कवि 'दिनकर' क्या प्रेरणा देना चाहते हैं?

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए। 5

(क) अध्यन
(ख) जिव्हा
(ग) प्रसंशा
(घ) प्रज्जवलित
(ङ) स्वालम्बन
(च) द्वारिका
(छ) श्रृंगार
(ज) धनाड्य

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए। 5

(क) गगन बहुत ऊँचा है।
(ख) विधि का नियम बड़ा कठोर होता है।
(ग) देवेन्द्र बहुत सज्जन पुरूष है।
(घ) मेरे को यह सोचकर नहीं।
(ङ) तेरी बातें सुनते-सुनते मेरे कान भर गये।
(च) भीतर प्रवेश करना निषेध है।
(छ) बैर अपनों से अच्छा नहीं है।
(ज) मेरे पास केवल मात्र एक घड़ी है।

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

6. निम्न में से किन्हीं पाँच के हिन्दी समानार्थक शब्द लिखिए। 5

(i) Annual

(ii) Concise

(iii) Instalment

(iv) Mutation

(v) Judicial

(vi) Toll Tax

(vii) Grant

(viii) Employee

7. निम्नलिखित गद्यांश को उचित शीर्षक देकर संक्षेपण करें।

शांति की शक्तियाँ युद्ध की शक्तियों की अपेक्षा कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। ठीक उसी प्रकार जैसे संसार में पाप की तुलना में पुण्य की शक्ति अधिक बलवती है। इस शाश्वत सत्य का प्रकाशन इस बात से होता है कि अणुबम सदृश भयानक संहारास्त्र के अनुभवों से संत्रस्त और कराहती हुई मानवता ने संसार - व्यापी शांति की इच्छा प्रकट की। संयुक्त राष्ट्रसंघ इसी इच्छा की अभिव्यक्ति है। संयुक्त राष्ट्रसंघ नए जगत की एक नूतन कल्पना है। युद्धाग्नि की लपटों में झुलसे हुए विश्व में इसने स्थायी शंन्ति की एक नवीन आशा का संचार किया है। 5

8. निम्न का पल्लवन कीजिए। 5

परहित सरिस धर्म नहिं भाई।

अथवा

होनहार बिरवान के होत चिकने पात।

9. निम्न में से किन्ही पाँच वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए। 5

(क) जिसकी कल्पना न की जा सके।

(ख) जो कान को कटु लगे

(ग) प्रतिदिन होने वाला

(घ) जो तेजहीन हो

(ड़) जो दूसरे के अधीन हो

(च) अधिक बोलने वाला

(छ) समान वयवाला

(ज) हाथ का लिखा हुआ।

10. नगर निगम, जयपुर के महापौर को एक पत्र लिखिए, जिसमें पर्यावरण प्रदूषण की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उनके निराकरण की प्रार्थना की गई हो। 5

अथवा

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

राजकीय महाविद्यालय , बांदीकुई के वार्षिकोत्सव के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए छात्र संघ अध्यक्ष की ओर से एक निमंत्रण-पत्र का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए।

11. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्द-युग्मों का अर्थभेद लिखिए। 5

(क) अंब-अंबु

(ख) अंस-अंश

(ग) कंत-कांत

(घ) चपत-चंपत

(ङ) भवन-भुवन

(च) समान-सम्मान

(छ) रक्त-रिक्त

(ज) नीरज-नीरद

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 10

(क) महँगाई : समस्या और समाधान

(ख) आजादी का अमृत महोत्सव

(ग) कम्प्यूटरः वरदान या अभिशाप

* * * * *

https://universitynews.in

https://universitynews.in/